प्रादेशिक समाचार
दिनांक– 23.01.2026 (दोपहर–1310 बजे)

मुख्य समाचार

1. केंद्र सरकार ने देशभर में एक अप्रैल से शुरू हो रही जनगणना के पहले चरण के दौरान नागरिकों से पूछे जाने वाले 33 प्रश्नों की सूची जारी की।
2. रक्षा राज्य मंत्री और नौसेना प्रमुख ने सीसीएल मुख्यालय में विकसित भारत विषय पर विद्यार्थियों से किया संवाद, बच्चों को बताया विकसित भारत का ब्रांड एंबेसडर।
3. दक्षिण–पूर्व–मध्य रेलवे और दक्षिण–पूर्व रेलवे ने टाटानगर रेल मंडल से होकर गुजरने वाली कई स्पेशल ट्रेनों का संचालन और कुछ ट्रेनों की अवधि बढ़ाने का लिया निर्णय।
4. राष्ट्र आज नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती को पराक्रम दिवस के रूप में मना रहा, केंद्रीय गृह मंत्री, रक्षा राज्य मंत्री समेत कई नेताओं ने दी श्रद्धांजलि।
5. 60वीं राष्ट्रीय क्रॉस एथलेटिक्स चैंपियनशिप कल रांची के नामकुम स्थित आर्मी ग्राउंड में होगी, देशभर से 750 एथलीट और 150 तकनीकी पदाधिकारी लेंगे हिस्सा।

*********************

केंद्र सरकार ने जनगणना के पहले चरण के दौरान नागरिकों से पूछे जाने वाले 33 प्रश्नों की सूची जारी कर दी है। यह चरण एक अप्रैल से शुरू हो रहा है। पहले चरण में घरों की सूची तैयार की जाएगी, जिसके लिए निर्धारित 30 दिनों की अवधि में अभियान चलाया जाएगा। पहला चरण अप्रैल से 30 सितंबर तक जारी रहेगा। पेश है एक रिपोर्ट–

*********************

रांची स्थित सीसीएल सभागार में आयोजित "संवाद" कार्यक्रम में रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ और नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश कुमार त्रिपाठी ने विद्यार्थियों से विकसित भारत के संदर्भ में संवाद किया। इस अवसर पर रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने कहा कि बच्चे ही विकसित भारत के ब्रांड एंबेसडर हैं और नया भारत 2047 तक विकसित राष्ट्र बनने की ओर अग्रसर हैं।

*********************

भारतीय नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश कुमार त्रिपाठी आज सुबह रामगढ़ जिले के रजरप्पा स्थित मां छिन्नमस्तिका मंदिर पहुंचे। उन्होंने यहां पूजा–अर्चना की। इस दौरान उन्होंने कहा कि देश की सुरक्षा व्यवस्था मजबूत और सक्षम हाथों में है। भारत के समुद्री हितों की रक्षा के लिए नौसेना तत्पर है।

*********************

जमशेदपुर के साकची स्थित ई–डिजिटल इंडिया संस्थान में 25 प्रतिभागियों को कंप्यूटर हार्डवेयर, नेटवर्किंग और साइबर सिक्यूरिटी जैसे आधुनिक एवं रोजगारपरक विषयों पर प्रशिक्षण दिया गया। एमएसएमई विकास कार्यालय के सहायक निदेशक सुरेंद्र शर्मा ने कहा कि ऐसे कौशल विकास कार्यक्रम युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

*********************

चतरा जिले के हंटरगंज प्रखंड कार्यालय सभागार में मुख्यमंत्री सारथी योजना पर स्वास्थ्य सहिया, जल सहिया और सेविका के लिए एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित की गयी। कार्यशाला में स्वास्थ्य सहिया, जल सहिया और सेविका से मुख्यमंत्री सारथी योजना का प्रचार–प्रसार करने को कहा गया। प्रशिक्षक सरवर आलम ने बताया कियुवक–युवतियों को तीन माह का कौशल प्रशिक्षण दिया जा रहा है, जिसके बाद उन्हें रोजगार या स्वरोजगार से जोड़ा जायेगा।

*********************

आकाशवाणी के ताजातरीन समाचारों के लिए आप हमारी
वेबसाईट news on air.gov.in पर लॉग ऑन कर सकते हैं।
ताजा समाचार एक्स हैंडल @AIR news alerts और फेसबुक पेज
All India Radio news पर भी उपलब्ध है।
आप प्रादेशिक समाचार एकांश के एक्स हैंडल
@AIR news अंडर स्कोर_ranchi

और
फेसबुक पेज आकाशवाणी न्यूज रांची,
इंस्टाग्राम पेज तथा
YOUTUBE Channel AIR NEWS Ranchi
पर भी हमारे बुलेटिन सुन सकते हैं।

********************

सक्रिय सुशासन और योजनाओं के समयबद्ध कियान्वरयन के लिए प्रधानमंत्री के प्रमुख तंत्र प्रगति ने अपनी 50वीं बैठक के साथ महत्व्पूर्ण उपलब्धि हासिल की है। इस विशेष श्रृंखला में आज झारखंड राज्य में सड़क परिवहन और राजमार्ग से जुड़ी परियोजनाओं पर पेश है एक रिपोर्ट–

********************

पूर्वी सिंहभूम जिले में यात्रियों की बढ़ती भीड़ को देखते हुए दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे और दक्षिण पूर्व रेलवे ने टाटानगर रेल मंडल से होकर गुजरने वाली कई स्पेशल ट्रेनों का संचालन और कुछ ट्रेनों की अवधि बढ़ाने का निर्णय लिया है। निटीर–शालीमार–निटीर एक्स्ट्रा स्पेशल ट्रेन का संचालन फरवरी में भी किया जाएगा, जिसका ठहराव टाटानगर सहित प्रमुख स्टेशनों पर होगा। वहीं हटिया–दुर्ग–हटिया टीओडी स्पेशल ट्रेन फरवरी में अतिरिक्त फेरे लगायेगी। कुछ पैसेंजर और मेमू ट्रेनें एक से चार फरवरी तक रद्द रहेंगी, जबकि कुछ लंबी दूरी की ट्रेनों को एक से दो घंटे तक विलंब से चलाया जाएगा।

********************

झारखंड समेत देशभर में आज नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती, पराक्रम दिवस के रूप में मनायी जा रही है। इस अवसरर पर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि राष्ट्र के लिए समर्पित नेताजी का जीवन हर देशवासी के लिए प्रेरणास्रोत है। रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने रांची स्थित नेताजी नगर में उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।
उधर, जामताड़ा और पाकुड़ जिले में भी नेताजी को नमन किया गया।

********************

हजारीबाग जिले में सरस्वती पूजा को लेकर पुलिस ने पुख्ता इंतजाम किया है। हजारीबाग पुलिस ने आसामाजिक तत्वों एवं उपद्रवियों से निपटने के लिए बरही थाना एवं शहरी थाना क्षेत्र के कोरा थाना क्षेत्र में मॉक ड्रिल किया गया। पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन ने कहा कि हजारीबाग के विभिन्न थाना क्षेत्रों में ड्रोन के माध्यम से निगरानी की जा रही है।

********************

राजधानी रांची के सर्राफा बाजार में आज 22 कैरेट सोने की कीमत एक लाख 41 हजार पांच सौ रूपये प्रति दस ग्राम है, जबकि चांदी की कीमत तीन लाख 15 हजार रूपये प्रति किलो है।

********************

राजधानी रांची में कल 60वीं राष्ट्रीय क्रॉस एथलेटिक्स चैंपियनशिप का आयोजन होगा। नामकुम स्थित कूटियातू आर्मी ग्राउंड में आयोजित प्रतियोगिता में देशभर से 750 एथलीट और 150 तकनीकी पदाधिकारी हिस्सा लेंगे। यह जानकारी झारखंड एथलेटिक्स संघ की प्लानिंग कमेटी के चेयरमैन मधुकांत पाठक ने दी है।

*****************